अमर उजाला 4
नैनीताल, शनिवार 1 जुलाई, 2023

## हेरिटेज टूर गाइड प्रशिक्षण शुरू



रामनगर। पर्यटन विभाग उत्तराखंड, टूरिज्म एवं हॉस्पिटेलिटी स्किल काउंसिल के द्वारा चलाए जा रहे दस दिवसीय हेरिटेज टूरिज्म गाइड का निशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम रामनगर के पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में चल रहा है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम वेप टेक्नोलॉजी संस्था द्वारा किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ रामनगर विधायक दीवान सिंह बिष्ट एवं महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. एमसी पाण्डे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उत्तराखंड पर्यटन विभाग की अपर निदेशक पूनम चंद ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हेरिटेज टूरिज्म एवं गाइड की भूमिका पर विचार व्यक्त कर प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। इस अवसर पर चीफ प्रॉक्टर प्रो. जीसी पन्त, डा. योगेश चन्द्र, डॉ. डीएन जोशी, पंकज हर्बोला, चंदन सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे। इस प्रशिक्षण में छात्र-छात्राओं को प्रत्येक दिवस में तीर्थ स्थलों और पुरातात्विक पौराणिक स्थलों के विषय में जानकारी दी जाएगी। संचालन महाविद्यालय समारोहक डॉ. डीएन जोशी ने किया।

अमृत विचार
www.amritvichar.com
2 हल्द्वानी, शनिवार, 1 जुलाई 2023

## हेरिटेज टूर गाइड प्रशिक्षण की शुरुआत



कार्यक्रम में विचार रखते विधायक दीवान सिंह बिष्ट। ● अमृत विचार

रामनगर। पर्यटन विभाग उत्तराखंड और टूरिज्म एवं हॉस्पिटेलिटी स्किल काउंसिल द्वारा चलाए जा रहे दस दिवसीय हेरिटेज टूरिज्म गाइड का निशुल्क प्रशिक्षण पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुरू हो चुका है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम वेप टेक्नोलॉजी संस्था द्वारा किया जा रहा है। इसका उद्घाटन विधायक दीवान सिंह बिष्ट एवं महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. एमसी पांडे ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान चीफ प्रॉक्टर प्रो. जीसी पन्त, डॉ. योगेश चन्द, डॉ. डीएन जोशी, पंकज हर्बोला, चंदन सिंह बिष्ट आदि उपस्थित रहे।

6 दैनिक जागरण हल्द्वानी, 21 जुलाई, 2023

### सार-संक्षेप

## सूरज बिष्ट और रीतिका बने सीनियर अंडर आफिसर



कैडेट को रैंक का बैज लगाते प्राचार्य एमसी पांडे और बटालियन के अधिकारी। ● जागरण

जासं, रामनगर : पीएनजी कालेज में 79 यूके बटालियन एनसीसी इकाई द्वारा रैंक सेरेमनी आयोजित की गई। कमांडिंग आफिसर कर्नल एसबी मलागी व प्राचार्य प्रो. एमसी पांडे ने कैडेट्स को रैंक पहनाकर सम्मानित किया। कैडेट्स को बी व सी प्रमाण पत्र वितरित किए गए। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डीएन जोशी ने वार्षिक आख्या प्रस्तुत की। सीनियर अंडर आफिसर की रैंक एसडी में सूरज बिष्ट व एसडब्ल्यू में रीतिका रावत को पहनाई गई। एसडी अंडर आफिसर कार्तिक बिष्ट व सक्षम चौहान एवं एसडब्ल्यू अंडर आफिसर श्रेया रावत को बनाया गया। लान्स कारपोरल की रैंक सुमित व खुशी कोरंगा को मिली। कर्नल मलागी ने कैडेट्स को भारतीय सेना के उच्च पदों के लिए कमीशन की तैयारी के लिए प्रेरित किया। लेफ्टिनेंट डा. कृष्णा भारती ने एनसीसी का महत्व बताया। कार्यक्रम में बटालियन के एसएम पाकेश चौहान, सूबेदार केशवराज भट्ट, हवलदार त्रिलोक भट्ट, योगेश चन्द, पीसी पालीवाल थे।

हल्द्वानी, 14 अगस्त, 2023 दैनिक जागरण

## सेना में भर्ती होकर करें राष्ट्र सेवा

अमृत विचार, रामनगर



रामनगर में एनसीसी की भर्ती प्रक्रिया में शामिल कैडेट। ● अमृत विचार

युवा सेना में भर्ती होकर करें राष्ट्र सेवा यह बात रामनगर महाविद्यालय में कर्नल एस.बी.मलागी ने कही। पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में 79 उत्तराखंड बटालियन एनसीसी नैनीताल द्वारा एनसीसी की भर्ती प्रक्रिया सम्पादित की गई जिसमे छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर एनसीसी लेने हेतु अपने आवेदन किये।

नामांकन हेतु 79 उत्तराखंड बटालियन एनसीसी नैनीताल के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल एस.बी.मलागी के नेतृत्व में शारीरिक एवं मानसिक दक्षता, लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार कर 64 कैडेटों का चयन किया गया। एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट(डॉ.) डी.एन. जोशी ने विद्यार्थियों को एनसीसी के उद्देश्यों एवं लक्ष्यों को बताया तथा भविष्य में इसके लाभों की चर्चा की। प्राचार्य प्रोफेसर एम.सी.पाण्डे ने समस्त चयनित केडेटों को बधाई एवं शुभकामनाएं देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की इस अवसर पर कैप्टन(डॉ.) पंकज जैन, सूबेदार मेजर पाकेश चौहान, सूबेदार केशव राज भट्ट व हवलदार दिनेश सोरागी, सीनियर अंडर ऑफिसर सूरज सिंह बिष्ट व रितिका रावत उपस्थित थे।

## डिग्री कालेज में एनसीसी के लिए 64 कैडेट्स का चयन

जासं, रामनगर : पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 79 यूके बटालियन एनसीसी की भर्ती प्रक्रिया में छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर आवेदन किए। कमांडिंग आफिसर कर्नल एसबी मलागी के नेतृत्व में शारीरिक एवं मानसिक दक्षता, लिखित परीक्षा हुई। इस दौरान 64 कैडेट का चयन हुआ। इस दौरान डा. डीएन जोशी ने कैडेट्स को एनसीसी के उद्देश्यों की जानकारी दी।

शनिवार ● 07.10.2023
अमर उजाला

## एनसीसी की अंडर ऑफिसर श्रेया का स्वागत

रामनगर (नैनीताल)। रामनगर कॉलेज की 79 उत्तराखंड बटालियन एनसीसी नैनीताल इकाई की अंडर ऑफिसर श्रेया रावत का शुक्रवार को महाविद्यालय पहुंचने पर स्वागत किया गया।

अंडर ऑफिसर श्रेया ने थल सैनिक शिविर-2023 में उत्तराखंड निदेशालय की ओर से शूटिंग स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में प्रतिभाग किया था। श्रेया महाविद्यालय में बीए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा हैं।

श्रेया ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता हरेंद्र सिंह रावत एवं संगीता रावत और गुरु लेफ्टिनेंट डॉ. डीएन जोशी को दिया। प्राचार्य प्रो. एमसी पांडे, लेफ्टिनेंट कृष्णा भारती, प्रो. जेएस नेगी, डॉ.सुमन कुमार, डॉ.योगेश चंद्र, डॉ.दीपक खाती, सीनियर अंडर ऑफिसर सूरज बिष्ट, रितिका रावत, अंडर ऑफिसर कार्तिक बिष्ट और सक्षम चौहान ने श्रेया को शुभकामनाएं दीं। संवाद

2 हल्द्वानी, बुधवार, 6 सितंबर 2023
अमृत विचार
www.amritvichar.com

# अन्तर्विषयक शिक्षा और शोध अतिआवश्यक

• गुरु दिवस पर व्याख्यानमाला की तृतीय शृंखला का उद्घाटन कर प्रो. सीडीसूंठा ने कहा

संवाददाता, रामनगर



रामनगर में डिग्री कॉलेज में पुस्तक का विमोचन करते अतिथि।

**अमृत विचार:** अन्तर्विषयक शिक्षा व शोध वर्तमान सन्दर्भ में अतिआवश्यक है यह बात गुरु दिवस व्याख्यानमाला की तृतीय शृंखला का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा निदेशक प्रो. सीडीसूंठा ने कही। पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर के करियर काउंसलिंग प्रकोष्ठ द्वारा व्याख्यान माला का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर सत्र 2021-22 में आयोजित गुरुदिवस व्याख्यानमाला की संकलित पुस्तिका का विमोचन उच्च शिक्षा निदेशक प्रो. सूंठा द्वारा किया गया। पुस्तिका के विमोचन में महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. एम. सी. पाण्डे, संयुक्त निदेशक उच्च शिक्षा प्रो. ए.एस. उनियाल, उपनिदेशक प्रो. एच.एस. नयाल व प्रो. आर.एस. भाकुनी, सहायक निदेशक प्रो. मनीषा तिवारी व प्रो. गोविंद पाठक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. निवेदिता अवस्थी ने किया। करियर काउंसलिंग प्रकोष्ठ व आयोजक समिति के संयोजक डॉ. अनुराग श्रीवास्तव द्वारा मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा निदेशक, संयुक्त निदेशक उच्च शिक्षा, उपनिदेशक वह सहायक निदेशक उच्च शिक्षा उत्तराखंड का धन्यवाद ज्ञापित कर आभार व्यक्त किया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्यों, प्राध्यापकों एवं शोधार्थियों ने ऑनलाइन प्रतिभाग किया। महाविद्यालय से चीफ प्रॉक्टर प्रो. आर.डी. सिंह, प्रो. आर.एस. कनौजिया, प्रो. एस.एस. मौर्य, डॉ. पवन टम्टा, डॉ. दीपक खाती, डॉ. कुसुम गुप्ता, डॉ. जया भट्ट व डॉ. डी.एन. जोशी सहित समस्त प्राध्यापक, शोधार्थी एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

---

अमृत विचार

हल्द्वानी, गुरुवार, 21 सितंबर 2023 5



रामनगर में रक्तदान शिविर का शुभारम्भ करते अतिथि। • अमृत विचार

## शिविर में 56 लोगों ने किया रक्तदान

रामनगर, अमृत विचार : भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा सेवा पखवाड़े के अंतर्गत रामनगर डिग्री कॉलेज में आयोजित रक्तदान शिविर में 56 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। पूर्व राज्य दर्जा मंत्री दिनेश मेहरा व युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष प्रेम सिंह मेहरा ने दीप प्रज्वलित करते हुए शिविर का शुभारम्भ किया। इस दौरान युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष कार्तिक हरबोला ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर युवा मोर्चा सेवा पखवाड़ा मना रहा है। युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष प्रेम मेहरा ने बताया कि रक्तदान शिविर में 56 लोगों ने रक्तदान किया। यहां विधायक दीवान सिंह बिष्ट, पूर्व राज्य मंत्री दिनेश मेहरा, सांसद प्रतिनिधि इंदर रावत, प्रधान भारद्वाज, महामंत्री राकेश शर्मा, उपाध्यक्ष सूरज चौहान, अक्षय पाल, मनोज सैनी, राजेश पाल, वीरेंद्र रावत, चंदन सिंह बिष्ट, मनीष अग्रवाल, चन्द्रप्रकाश शर्मा, डॉ. जगमोहन सिंह नेगी, प्रभारी प्राचार्य प्रो. आरडी सिंह, एनसीसी गर्ल्स यूनिट की प्रभारी डॉ. कृष्णा भारती, डॉ ममता बदल जोशी, रोहित मेहरा, राजेश पाल, छात्र संघ अध्यक्ष आशीष मेहरा मौजूद रहे।

---

हिन्दुस्तान = 25 सितंबर 2023

# स्कूल और कॉलेजों में मना एनएसएस दिवस

हल्द्वानी/रामनगर/कालाढूंगी। एमबीपीजी समेत जिले के स्कूल कॉलेजों में रविवार को एनएसएस का स्थापना दिवस मनाया गया। स्वयंसेवियों ने सफाई के बाद कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। एमबीपीजी में नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं।

प्राचार्य डॉ. एनएस बनकोटी, भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. बीआर पंत, डॉ. किरन कर्नाटक, डॉ. राकेश कुमार और डॉ. भुवन मेलकानी ने संचालन किया। जीजीआईसी हल्द्वानी में लगे शिविर में राज्य समन्वयक ललित पांडेय, बीईओ हल्द्वानी हरेंद्र मिश्रा व शिक्षक संघ कुमाऊं के अध्यक्ष श्रीगोकुल मर्तोलिया रहे। पीएसएमएस इंका कुंवरपुर में प्रबंध समिति अध्यक्ष राम सिंह बसेड़ा ने अनुशासन में रहने, नशे से दूर रहने, आदर्श विद्यार्थी बनने की सलाह दी।



भीमताल में रविवार को ग्राफिक एरा में एनएसएस के कार्यक्रम में प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

✓ रामनगर कॉलेज में प्रो. जगमोहन नेगी, छात्रा इकाई की प्रभारी डॉ. ममता भदोला जोशी एनएसएस के उद्देश्य व लक्ष्यों की जानकारी दी। कालाढूंगी के राजीव गांधी नवोदय विद्यालय कोटाबाग में क्यारियों का निर्माण व रखरखाव, पौधारोपण किया गया। उप प्राचार्य अरविंद गेजवाल, कार्यक्रम अधिकारी चेतन प्रकाश तिवारी, अजय कुमार, डीसी पनेरू रहे। उधर, ज्ञान प्रकाश इंका धमोला में प्रभारी प्रधानाचार्य सुखराम कंबोज रहे।

---

हल्द्वानी, शुक्रवार, 29 सितंबर 2023 5



रामनगर के महाविद्यालय में विश्व पर्यटन दिवस पर मौजूद विद्यार्थी व शिक्षक।


## महाविद्यालय में विद्यार्थियों ने मनाया विश्व पर्यटन दिवस

रामनगर, अमृत विचार : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में युवा टूरिज्म क्लब के तत्वावधान में विश्व पर्यटन दिवस मनाया गया। प्राचार्य प्रो. एमसी पांडे ने ध्वजारोहण के बाद सभी प्राध्यापकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों, युवा क्लब के सदस्यों व छात्र-छात्राओं को शपथ ग्रहण कराई। इसके बाद स्वच्छता अभियान कराया गया। इसमें सभी ने श्रमदान किया। युवा क्लब ने एक नुक्कड़ नाटक पेश किया। प्राचार्य ने कहा कि पर्यटन को मजबूती से विकसित किया जाए ताकि इससे स्थानीय समुदायों, व्यवसायों व पर्यावरण को लाभ हो। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. कृष्णा भारती ने बताया कि इस वर्ष विश्व पर्यटन दिवस की थीम "पर्यटन और हरित निवेश" है। इससे रोजगार और राजस्व उत्पन्न हो सकता है। डॉ. निवेदिता अवस्थी ने बताया कि हमें पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए गंभीर प्रयास करने चाहिए। डॉ. जेपी त्यागी ने बताया कि पर्यटन सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करता है और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा भी देता है।

आज

हल्द्वानी, 22 नवंबर, 2023 | 5

# महाविद्यालय में मनाया मतदाता जागरूकता अभियान



आज समाचार सेवा

रामनगर। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा पीएनजी महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर आरव डीव सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना जनपद नैनीताल के जिला समन्वयक प्रोफेसर जे.एस.नेगी ने 18 वर्ष की आयु के छात्र छात्राओं को मतदाता सूची में अपना नाम पंजीकरण करवाने एवम मतदान करने के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शिप्रा पंत,डॉ. ममता भदोला जोशी,राजकीय इंटर कॉलेज के प्रवक्ता वी एस मनराल, प्रीति विद्यार्थी, दीपा थापा, मूनम गोला, ममता भंडारी, चंद्रकला खाती, सरस्वती देवी, प्रेमा पांडे, गंगा बिष्ट ,पूजा ध्यानी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. डीबु एनव जोशी ने विशेष सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुरेश चंद्रा द्वारा किया गया।

हिन्दुस्तान

हल्द्वानी, शुक्रवार, 8 दिसंबर 2023

# रामनगर कॉलेज में पूर्व छात्र परिषद का गठन

रामनगर। पीएनजी कॉलेज में गुरुवार को प्राचार्य प्रो. एमसी पांडे की अध्यक्षता में कॉन्फ्रेंस कक्ष में पुरातन छात्र सभा की बैठक हुई। इस दौरान पूर्व छात्र परिषद की कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। जिसमें गणेश सिंह रावत को अध्यक्ष, भूपेंद्र सिंह खाती को उपाध्यक्ष, संजय डोर्बी को सचिव, सुमित जोशी को सहसचिव और यशपाल सिंह रावत को कोषाध्यक्ष चुना गया। यहां वीरेंद्र सिंह रावत आदि रहे।

अमृत विचार

4 | हल्द्वानी, शुक्रवार, 8 दिसंबर 2023



सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर मौजूद एनसीसी कैडेट्स व शिक्षक। • अमृत विचार

## सांबा रेजीमेंट ने मनाया सांबा डे

हल्द्वानी, अमृत विचार : 29 आर्मी एयर डिफेंस के भूतपूर्व सैनिकों ने सूबेदार मेजर आरनेरी कैप्टन जीवन चन्द्र जोशी (सेवानिवृत्त) के नेतृत्व में बैटल आनर अवार्डेड सांबा रेजीमेन्ट का "सांबा डे" 52वां वर्षगांठ एक बैंक्वेट हॉल में धूमधाम से मनाया गया। जिसमे सेवानिवृत सैनिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सांबा रेजीमेंट ने वर्ष 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान सांबा सेक्टर (जम्मू-कश्मीर) मे पाकिस्तान के हवाई हमले को नाकाम किया और पाकिस्तान के फाइटर प्लेन को मार गिराया। इस बहादुरी के लिए रेजिमेंट को भारत सरकार ने युद्ध सम्मान "सांबा" से रेजिमेंट को अलंकृत किया। जिसकी याद मे हर वर्ष 7 दिसम्बर को यह समारोह मनाया जाता है।

हल्द्वानी, शुक्रवार, 8 दिसंबर 2023 | अमृत विचार www.amritvichar.com

# रामनगर महाविद्यालय में गणेश बने पूर्व छात्र परिषद के अध्यक्ष

संवाददाता, रामनगर



रामनगर मे पूर्व छात्र परिषद के लिए चुने गए पदाधिकारी। • अमृत विचार

अमृत विचार: पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में पूर्व छात्र परिषद का गठन किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर एमसी पाण्डे की अध्यक्षता में महाविद्यालय कॉन्फ्रेंस कक्ष में पुरातन छात्र सभा का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व छात्रों द्वारा शिरकत की गई।

पुरातन छात्रों की बैठक मे महाविद्यालय हित मे विभिन्न पक्षों पर चर्चा हुई। सभा में उपस्थित पूर्व छात्रों द्वारा नए सत्र के लिए सर्वसम्मति से पूर्व छात्र परिषद की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें गणेश सिंह रावत को अध्यक्ष, भूपेंद्र सिंह खाती को उपाध्यक्ष, संजय डोर्बी को सचिव, सुमित जोशी को सहसचिव तथा यशपाल सिंह रावत को कोषाध्यक्ष चुना गया। ललित मोहन पांडे व डॉ. दीपक खाती पूर्व छात्र परिषद के सदस्य बनाए गए। साथ ही इस बैठक में एल्युमनाई परिषद की कार्ययोजना के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा की गयी। सभी चयनित पदाधिकारियों को प्राचार्य प्रो. एमसी पाण्डे एवं चीफ प्रॉक्टर प्रो. आरडी सिंह ने बधाई दी। पूर्व छात्र परिषद की संयोजिका डॉ. निवेदिता अवस्थी ने सभी को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर विरेन्द्र सिंह रावत, डॉ. देव आशीष, डॉ. सुभाष चन्द्र पोखरियाल, डॉ. मनोज नैलवाल मौजूद रहे।

हल्द्वानी, शनिवार, 9 दिसंबर 2023 | 3 | अमृत विचार
www.amritvichar.com

# रक्तदान से बचा सकते हैं किसी का जीवन

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में एनसीसी, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, रोवर रेंजर्स एवं एचडीएफसी बैंक के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय में रक्तदान शिविर लगाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कर प्राचार्य प्रो.एमसी पाण्डे ने कहा कि रक्तदान महादान है, रक्तदान से किसी के जीवन को बचाया जा सकता है। समाज के युवाओं की इसमें सक्रिय भूमिका महत्वपूर्ण है। ऐसा करने से प्रतिवर्ष खून की कमी से होने वाली कई लोगों की मौतों को हम कम कर सकते हैं। कार्यक्रम में प्रोफेसर आरडी सिंह, प्रोफेसर प्रमोद जोशी, प्रोफेसर जेएस नेगी, डॉ.डीएन जोशी, डॉ.सुरेश चन्द्रा, डॉ. ममता जोशी, डॉ.देव आशीष, मनोज बोरा मैनेजर एचडीएफसी बैंक, गीतांजलि कांडपाल, डॉ. सुरेंद्र चौहान, शुभम ठाकुर, फैजान, शिल्पा शिवम, मनोज कुमार मौजूद रहे।



पीएनजी राजकीय स्नातकोतर महाविद्यालय में रक्तदान करते युवा। ● अमृत विचार

उत्तर उजाला

# एनसीसी कैडेटों ने डिग्री कालेज में चलाया सफाई अभियान

रामनगर। गार्बेज फ्री इंडिया स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत 79 उत्तराखंड बटालियन एनसीसी यूनिट के कैडेटों ने महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। कैडेटों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए जनमानस से प्लास्टिक और पालीथिन का उपयोग नहीं करने का आह्वान किया। उन्होंने गार्बेज फ्री इंडिया स्वच्छता ही सेवा अभियान सफल बनाने का सन्देश भी दिया इससे पूर्व कैडेटों ने स्वच्छता अभियान हेतु जन समाज को जागरूक करने के लिए हस्ताक्षर अभियान भी चलाया कैडेटों ने प्लास्टिक उन्मूलन हेतु नुक्कड़ नाटक भी किया जिसके द्वारा जनमानस के लिए प्लास्टिक बैग को छोड़कर कागज या कपड़े का बैग प्रयोग करने हेतु संदेश प्रसारित किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर एमसी पाण्डे व कमान्डिंग ऑफिसर कर्नल एसबी मलागी ने कैडेटों के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में सीनियर अन्डर ऑफिसर सूरज सिंह बिष्ट, अन्डर ऑफिसर कार्तिक बिष्ट व सक्षम चौहान, महिमा, रिंकी, निकिता, पंकज कोरंगा, सुमित आदि उपस्थित रहे।



महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाते एनसीसी कैडेट

अमृत विचार
www.amritvichar.com
हल्द्वानी, मंगलवार, 12 दिसंबर 2023 5



कार्यशाला में मौजूद एनसीसी कैडेट्स। ● अमृत विचार

## शरीर में तीन प्रतिशत घुल रहा प्लास्टिक का जहर

रामनगर। पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में ईको क्लब एवं एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण के लिए प्लास्टिक के प्रयोग का तिरस्कार किए जाने पर बल दिया गया। शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर एमसी पांडे ने किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. डीएन जोशी ने अन्तर्राष्ट्रीय पर्वत दिवस की बधाई देते हुए अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया। मुख्य वक्ता नेवर साइंस इनशियेटर ग्रुप देहरादून के निदेशक डॉ. रमन कुमार ने 'प्लास्टिक और हम' विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मानव के शरीर में तीन प्लास्टिक पहुंच चुकी है। हमें अपने दैनिक उपयोग से प्लास्टिक को हटाना होगा। कार्यक्रम में डॉ. सौम्या प्रसाद, डॉ. कृष्णा भारती, डॉ. अजय कुमार मौजूद रहे।

उत्तर उजाला
नैनीताल, बुधवार 13 दिसम्बर, 2023

## मोटे अनाजों को अपने भोजन में शामिल करें

रामनगर। पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एमसी पाण्डे ने लोगों से मोटे अनाजों को अपने आहार में शामिल करने की अपील की। 79 यूके बटालियन एनसीसी की इकाई द्वारा महाविद्यालय में इन्टरनेशनल ईयर ऑफ द मिलेट्स 2023 पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो. पाण्डे ने एनसीसी कैडेटों को मोटे अनाजों के महत्व, स्वास्थ्य के लिए उपयोगिता एवं उनके लाभों के बारे में बताया। उन्होंने ज्वार, बाजरा, मडुआ, झुंगरा आदि को दैनिक आहार में शामिल करने की बात कही। एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. डीएन जोशी ने उत्तम स्वास्थ्य की दृष्टि से मोटे अनाजों को अपनाने तथा फास्ट फूड को त्यागने पर जोर दिया। एनसीसी कैडेटों ने मोटे अनाज खाएं, रोगों से मुक्ति पाएं आदि नारे लगाकर मोटे अनाजों को अपनाने के लिए जनता को जागरूक किया। इस अवसर पर सीनियर अन्डर ऑफिसर सूरज सिंह बिष्ट व अन्डर ऑफिसर सक्षम चौहान ने भी विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में कार्तिक बिष्ट, श्रेया रावत, मनोज कुमार, खुशी कोरंगा आदि कैडेट मौजूद रहे।

अमृत विचार
हल्द्वानी, बुधवार, 13 दिसंबर 2023 5

## मोटे अनाजों को अपने आहार में करें शामिल : प्रो. पांडे



मोटे अनाज़ जागरूकता कार्यक्रम के दौरान एनसीसी कैडेट्स। ● अमृत विचार

रामनगर। पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में प्राचार्य प्रोफेसर एमसी पांडे ने कहा कि मोटे अनाजों को अपने आहार में अवश्य शामिल करें। मोटा अनाज स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद है। एनसीसी की इकाई द्वारा महाविद्यालय में इन्टरनेशनल ईयर ऑफ द मिलेट्स कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ डी.एन.जोशी ने उत्तम स्वास्थ्य की दृष्टि से मोटे अनाजों को अपनाने तथा फास्ट फूड को त्यागने की संकल्पना पर जोर दिया। इस दौरान सीनियर अन्डर ऑफिसर सूरज सिंह बिष्ट व अन्डर ऑफिसर सक्षम चौहान ने अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में कार्तिक बिष्ट, श्रेया रावत, मनोज कुमार, खुशी कोरंगा आदि मौजूद रहे।

अमर उजाला 5
नैनीताल, गुरुवार 14 दिसम्बर, 2023

# महाविद्यालय में खुलेगा उद्यमिता विकास केंद्र

रामनगर। पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में देवभूमि उद्यमिता विकास केन्द्र स्थापित किया जाएगा। प्राचार्य प्रोफेसर एमसी पाण्डे ने बताया कि उत्तराखंड सरकार एवं भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान का केन्द्र खुलने से छात्र छात्राओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने बताया कि रामनगर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ.अनुराग श्रीवास्तव ने अहमदाबाद में आयोजित प्रशिक्षण में उद्यमिता, मेंटरशिप, कम्युनिकेशन, स्किल, फाइनेंस, इनोवेशन एवं स्टार्टअप आदि से संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त किया है। यह केन्द्र खुलने से महाविद्यालय में देवभूमि उद्यमिता योजना के लक्ष्य, एवं चुनौतियां के विषय में प्रशिक्षण देकर छात्र छात्राओं को उद्यमिता के क्षेत्र में पारंगत किया जाएगा।

मार्च 2024 तक भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद और इसके देहरादून केंद्र के तत्वावधान में उत्तराखंड के समस्त महाविद्यालयों में उद्यमिता विकास केन्द्रों की स्थापना की जाएगी। विद्यार्थियों को उद्यमशील बनाने के लिए 40 बूट शिविरों का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक बूट कैंप में 250 विद्यार्थियों के प्रशिक्षण की योजना है। इसके लिए पंजीकरण प्रक्रिया शीघ्र ही आरंभ की जाएगी।

अमृत विचार
www.amritvichar.com
हल्द्वानी, गुरुवार, 14 दिसंबर 2023 5

# डिग्री कॉलेज रामनगर में बनेगा देवभूमि उद्यमिता विकास केन्द्र

रामनगर। पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में देवभूमि उद्यमिता विकास केन्द्र स्थापित किया जाएगा। प्राचार्य प्रोफेसर एमसी पांडे ने बताया कि उत्तराखंड सरकार एवं भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान का केन्द्र खुलने से छात्र छात्राओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। .

उन्होंने बताया कि रामनगर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ.अनुराग श्रीवास्तव ने बीते दिनों अहमदाबाद में आयोजित प्रशिक्षण में उद्यमिता, मेंटरशिप, कम्युनिकेशन, स्किल, फाइनेंस, इनोवेशन एवं स्टार्टअप आदि से संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त किया है। यह केन्द्र खुलने से महाविद्यालय में देवभूमि उद्यमिता योजना के लक्ष्य एवं चुनौतियां के विषय में प्रशिक्षण के साथ साथ छात्र छात्राओं को उद्यमिता के विभिन्न क्षेत्रों में पारंगत किया जाएगा।


प्रमाण पत्र प्राप्त करते डॉ.अनुराग श्रीवास्तव

मार्च 2024 तक भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद और इसके देहरादून केंद्र के तत्वावधान में उत्तराखंड के समस्त राज्य के महाविद्यालयों में उद्यमिता केन्द्रों की स्थापना की जाएगी।

## सार-संक्षेप


रामनगर में पर्यावरण मित्र को सम्मानित करते प्राचार्य। ● अमृत विचार

# महाविद्यालय में पर्यावरण मित्रों को किया सम्मानित

रामनगर, अमृत विचार : पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत पर्यावरण मित्रों को प्राचार्य प्रो. एमसी पाण्डे द्वारा सम्मानित किया गया। बता दें कि महाविद्यालय में स्वच्छता पखवाड़े के तहत विगत दिवसों से स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ रखने में अपनी कर्तव्यनिष्ठ सेवाओं का निर्वहन करने वाले पर्यावरण मित्रों किरन देवी एवं सौरभ को प्राचार्य प्रो. एमसी पाण्डे ने सम्मानित किया। किरन एवं सौरभ को अपने दायित्वों को सकुशल पूर्ण करने के फलस्वरूप प्राचार्य द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर प्रो. जेएस नेगी, डॉ. सुमन कुमार, डॉ.योगेश चंद्र, डॉ.दीपक खाती, डॉ. डीएन जोशी व मुख्य प्रशासनिक अधिकारी गोविन्द सिंह जगपांगी ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# डिग्री कॉलेज में बहुउद्देशीय क्रीड़ा भवन का शुभारंभ



बहुउद्देशीय क्रीड़ा भवन का शुभारम्भ करते प्राचार्य। ● अमृत विचार

रामनगर। पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में बहुउद्देशीय क्रीड़ा भवन का उद्घाटन बैडमिंटन टूर्नामेंट से हुआ। इसकी शुरुआत प्राचार्य प्रो. एमसी पांडे एवं पूर्व छात्र परिषद के अध्यक्ष गणेश रावत ने संयुक्त रूप से फीता काटकर की। प्राचार्य प्रो. पांडे ने बताया कि इस बहुउद्देशीय क्रीड़ा भवन में 13 एवं 14 दिसंबर को प्रथम बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। अंडर-17 में विजेता पुरस्कार प्रथम पुरस्कार ट्रॉफी 2100 रुपये, उपविजेता विजेता को ट्रॉफी व 1100 रुपए नकद दिए जाएंगे। ओपन वर्ग डबल्स में विजेता प्रथम पुरस्कार ट्रॉफी 10000 रुपये नकद तथा उपविजेता को ट्रॉफी व 5000 रुपये नगद प्रदान किया जाएगा। इस दौरान जगमोहन बिष्ट, डॉ. दीपक खाती, डॉ. सुभाष चन्द, अजय सिंह, मणि भारद्वाज, गणेश रावत, श्रेय शर्मा, पवन गुप्ता, राहुल भंडारी, हिमांशु, सुशील कुमार उपस्थित रहे। मंच संचालन डॉ. डीएन जोशी ने किया।

अमृत विचार



# पोस्टर प्रतियोगिता से बाजरे के लिए किया जागरुक



पोस्टर प्रतियोगिता के दौरान एनसीसी कैडेट्स। ● अमृत विचार

रामनगर। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एनसीसी बटालियन द्वारा लेफ्टिनेंट डॉ. कृष्णा भारती के निर्देशन में बाजरे के अंतरराष्ट्रीय वर्ष विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य एमसी पांडे ने बताया कि इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2023 को बाजरा का अंतर्राष्ट्रीय वर्ष घोषित किया है। ऐसा इसलिए किया गया है ताकि बाजरे की फसल के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके। प्रतियोगिता में सभी कैडेट्स ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में भावना बेलवाल ने प्रथम व पूजा आर्या ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में कैडेट्स के उत्साहवर्धन हेतु गणेश रावत व आनंद मौजूद रहे।

नैनीताल,शुक्रवार 15 दिसम्बर, 2023 उत्तर उजाला

# रामनगर महाविद्यालय में बैडमिंटन टूर्नामेंट शुरू

रामनगर। पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में बहुद्देशीय क्रीड़ा भवन का उद्घाटन बैडमिंटन टूर्नामेंट से हुआ। इसकी शुरुआत प्राचार्य प्रो.एमसी पाण्डे एवं पूर्व छात्र परिषद के अध्यक्ष गणेश रावत ने संयुक्त रूप से फीता काटकर की। प्राचार्य प्रो.पाण्डे ने बताया कि इस बहुद्देशीय क्रीड़ा भवन में दो दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया।



बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ करते प्राचार्य प्रो. पांडे व छात्र परिषद के पूर्व अध्यक्ष गणेश रावत

इसमें अंडर-17 सिंगल और ओपन वर्ग डबल्स के मैच हुए। क्रीड़ा प्रभारी डॉ.योगेश चन्द्र ने बताया कि इस टूर्नामेंट के संरक्षक प्राचार्य प्रोफेसर पाण्डे हैं। उनकी पहल पर इस टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। टूर्नामेंट के आयोजक सचिव क्रीड़ा प्रशिक्षक अजय सिंह व मणि भारद्वाज हैं। पहले दिन अन्डर-17 बालक वर्ग में 29 छात्रों ने तथा बालिका वर्ग में आठ छात्राओं ने प्रतिभाग किया। दर्शिका चौहान एवं मान्या के बीच फाइनल मैच खेला जाएगा। इस अवसर पर जगमोहन बिष्ट, डॉ.दीपक खाती, डॉ.सुभाष चन्द्, अजय सिंह, मणि भारद्वाज, श्रेय शर्मा, पवन गुप्ता, राहुल भण्डारी, हिमांशु, सुशील कुमार, महेंद्र आर्य उपस्थित रहे। मंच संचालन डॉ.डीएन जोशी ने किया।

---

आज

हल्द्वानी, 16 दिसम्बर 2023 7

## आज होगी भूगोल विषय की प्रायोगिक परीक्षा

रामनगर। पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में बी.ए. प्रथम सेमेस्टर भूगोल विषय की प्रायोगिक व आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा शनिवार को महाविद्यालय के पीजी ब्लॉक में सम्पन्न होगी। विभाग प्रभारी डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि सभी परीक्षार्थियों को निर्देशित किया गया है कि वे आवश्यक प्रयोगात्मक सामग्री एवं अपने प्रवेश पत्र सहित परीक्षा तिथि को सुबह 09:00 बजे महाविद्यालय में पहुंचे।

## बैडमिंटन टूर्नामेंट में मान्या ने मारी बाजी

रामनगर। पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में प्रथम बैडमिंटन टूर्नामेंट में अन्डर 17 में मान्या गुप्ता विजेता रही उन्होंने दर्शिका चौहान को 21-9, 21-13 से पराजित कर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा किया। अन्डर 17 बालक वर्ग में कृष्णा अरोड़ा विजेता तथा सुमन्यु उप विजेता रहे। ओपन डबल्स में हिमांशु एवं पवन की जोड़ी ने 21-13,21-11 से अपने प्रतिद्वंद्वी कमल एवं ललित को पराजित कर विजेता ट्रॉफी एवं 1000 रूपये की नकद धनराशि का पुरस्कार प्राप्त किया। समस्त विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को प्राचार्य प्रो.एम.सी. पाण्डे, वन विकास निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक हरीश पाल व विधायक प्रतिनिधि जगमोहन सिंह बिष्ट ने पुरूस्कृत किया। इस अवसर पर संजीव कुमार अग्रवाल, अब्दुल मुतलिब, लईक अहमद, क्रीड़ा प्रभारी डॉ. योगेश चन्द्र, आयोजक सचिव अजय सिंह, मणि भारद्वाज, निर्णायक श्रेय शर्मा, सचिन भारद्वाज पवन गुप्ता, राहुल भण्डारी, हिमांशु, सुशील कुमार, महेंद्र आर्य, विनोद आर्य आदि मौजूद रहे। मंच का संचालन डॉ. डी.एन. जोशी ने किया।


## नैनीताल में बैठकी होली का आयोजन कल : बवाडी

नैनीताल ( आज समाचार सेवा )। नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा के महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी ने बताया कि सभा परिवार की ओर से हर वर्ष की तरह अबकी बार भी 17 दिसंबर (रविवार) की शाम को तीन बजे से सभा भवन में (पूस माह के पहले रविवार)बैठकी होली का विशेष आयोजन किया जाएगा। बवाड़ी ने सभा से जुड़े पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ ही सभी आमंत्रित जनों से बैठकी होली में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज करने की गुजारिश की है।

उत्तर उजाला
नैनीताल, सोमवार 18 दिसम्बर, 2023

# कैडेटों ने विजय दिवस पर लगाई पोस्टर प्रदर्शनी

## महाविद्यालय में विजय दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



रामनगर डिग्री कॉलेज में विजय दिवस मनाते एनसीसी कैडेट

रामनगर। पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में एनसीसी कैडेटों ने विजय दिवस मनाया। 79 एवं 24 यूके एनसीसी बटालियन ने रविवार को महाविद्यालय में विजय दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया।

एएनओ लेफ्टिनेंट डीएन जोशी ने सभी कैडेटों को विजय दिवस के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि विजय दिवस 1971 के युद्ध में भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस एवं उनकी शहादत की याद दिलाता है जिसमें भारतीय सैनिकों ने अपने प्राणों की आहुति दी। भारतीय सेना के साहस एवं वीरता के लिए पूरे देश के साथ साथ उत्तराखण्ड राज्य में भी 16 दिसम्बर को विजय दिवस मनाया जाता है।

हमें वीर सपूतों को श्रद्धांजलि समर्पित कर अपने राष्ट्र की सुरक्षा, अखण्डता एवं सार्वभौमिकता बनाए रखने में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। इस अवसर पर कैडेटों ने विजय दिवस पर पोस्टर प्रदर्शनी भी लगाई। भावना बेलवाल, ज्योति सती, सिमरन खेरिया, सुमन, शिवानी आदि कैडेटों ने पोस्टर प्रस्तुत किए। कैडेट पंकज कोरंगा, अंकित एवं सूरज सिंह बिष्ट ने अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान डा.अनुराग श्रीवास्तव, डा.सुभाष पोखरियाल, सीनियर अंडर ऑफिसर सूरज सिंह बिष्ट व रितिका रावत, अंडर ऑफिसर महिमा छिम्वाल, सक्षम चौहान, श्रेया रावत, दीपिका जोशी, मनीषा आदि मौजूद रहे।

आज
हल्द्वानी, 18 दिसम्बर 2023 7

# रामनगर महाविद्यालय में मनाया विजय दिवस

आज समाचार सेवा



रामनगर। पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में एनसीसी कैडेटों ने विजय दिवस मनाया। 79 एवं 24 यूके एनसीसी बटालियन द्वारा रविवार को महाविद्यालय में विजय दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।एएनओ लेफ्टिनेंट डी.एन.जोशी ने सभी कैडेटों को विजय दिवस के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि विजय दिवस 1971 के युद्ध में भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस एवं उनकी शहादत की याद दिलाता है जिसमें भारतीय सैनिकों ने अपने प्राणों की आहुति दी। भारतीय सेना के साहस एवं वीरता के लिए पूरे देश के साथ साथ उत्तराखण्ड राज्य में भी 16 दिसम्बर को विजय दिवस मनाया जाता है। हमें वीर सपूतों को श्रद्धांजलि समर्पित कर अपने राष्ट्र की सुरक्षा, अखण्डता एवं सार्वभौमिकता बनाए रखने में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। इस अवसर पर कैडेटों ने विजय दिवस पर पोस्टर प्रदर्शनी भी लगाई। भावना बेलवाल, ज्योति सती, सिमरन खेरिया, सुमन, शिवानी आदि कैडेटों द्वारा पोस्टर प्रस्तुत किए गए। कैडेट पंकज कोरंगा, अंकित एवं सूरज सिंह बिष्ट ने अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान डॉ. अनुराग श्रीवास्तव, डॉ. सुभाष पोखरियाल, सीनियर अन्डर ऑफिसर सूरज सिंह बिष्ट व रितिका रावत, अन्डर ऑफिसर महिमा छिम्वाल, सक्षम चौहान, श्रेया रावत, दीपिका जोशी, मनीषा आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार

हल्द्वानी, शनिवार, 3 फरवरी 2024 5

# युवा पीढ़ी की नसों में जहर घोल रहा है नशा

संवाददाता, रामनगर



नशे के खिलाफ विचार रखती छात्रा।

अमृत विचार : बढ़ता नशा युवा पीढ़ी की धमनियों में जहर घोल रहा है। अगर यही हाल रहा तो भविष्य में सेना में देश सेवा का सपना संजोने वाले युवाओं का भविष्य चौपट हो जाएगा। इसलिए नशे से खुद भी दूर रहें और अन्य लोगों को भी जागरूक करें। यह बात सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल पीरूमदारा में आयोजित गोष्ठी में उभर कर सामने आई।

उच्च शिक्षा निदेशालय के निर्देशन में मादक पदार्थों के संबंध में छात्र-छात्राओं को जागरूक करने के संबंध में डिग्री कॉलेज के प्राचार्य एमसी पांडे के मार्गदर्शन में नशे के खिलाफ ई प्रतिज्ञा दिलाई गई। नोडल ऑफिसर पीएनजी पीजी कॉलेज डॉक्टर जया भट्ट तथा एंटी ड्रग सेल सदस्य डॉक्टर निर्मल डोमेन योगाचार्य ने 31 जनवरी 2024 को सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल पीरूमदारा रामनगर से ई-शपथ कार्यक्रम की शुरुआत की थी। कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों को मादक पदार्थ निरोधक संदेश दिया गया।

अमृत विचार

4 हल्द्वानी, गुरुवार, 22 फरवरी 2024

# डिग्री कॉलेज में बनेगा जिले का पहला मिनी गोल्फ ग्राउंड



गोल्फ ग्राउंड के लिए स्थान का निरीक्षण करते विवि क्रीड़ा प्रभारी व प्राचार्य।

रामनगर : पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में मिनी गोल्फ ग्राउंड बनने की तैयारी शुरू हो चुकी है। बता दें कि महाविद्यालय की क्रीड़ा परिषद ने महाविद्यालय परिसर में मिनी गोल्फ ग्राउंड बनाने का प्रस्ताव पारित किया था। इसे अब अमलीजामा पहनाया जा रहा है। महाविद्यालय में कुमाऊं विश्वविद्यालय क्रीड़ाधिकारी डॉ. नागेन्द्र प्रसाद शर्मा ने इस कार्य के लिए निरीक्षण करने के साथ ही स्थान का चयन कर लिया गया है। इसका निर्माण महाविद्यालय द्वारा अपने स्तर से किया जाएगा। विश्वविद्यालय ने भी इसके निर्माण में सहयोग करने का पूर्ण आश्वासन दिया है। प्राचार्य प्रोफेसर एमसी पांडे ने बताया कि गोल्फ ग्राउंड बनने से महाविद्यालय के छात्र छात्राओं सहित अन्य गोल्फ प्रेमियों को भी लाभ मिलेगा।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

4 हल्द्वानी, शुक्रवार, 23 फरवरी 2024



अभिविन्यास कार्यक्रम की जानकारी देते शिक्षक। • अमृत विचार

# शोधार्थियों को मौलिकता पर ध्यान देने की जरूरत

रामनगर: पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में शोधार्थियों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुमाऊं विश्वविद्यालय से शोध उपाधि के लिए महाविद्यालय में शोधरत छात्र-छात्राओं को प्री पीएचडी कोर्सवर्क की जानकारी दी गई। अभिविन्यास कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य एमसी पांडे ने की। उन्होंने शोधार्थियों को शोध की मौलिकता एवं उपादेयता पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया। अर्थशास्त्र विभाग प्रभारी प्रो. अनुमिता अग्रवाल ने शोधार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग शोध कार्य में करने हेतु प्रोत्साहित किया। संचालन शोध एवं प्रसार संयोजक डॉ.निवेदिता अवस्थी ने किया। कार्यक्रम में चीफ प्रॉक्टर आरडी सिंह, प्रो. एसएस मौर्य, डॉ. प्रमोद जोशी, डॉ. शरद भट्ट, डॉ. शंकर मंडल मौजूद रहे।

अमर उजाला 4

नैनीताल, बुधवार 28 फरवरी, 2024

# ओपन एयर थियेटर का निर्माण कार्य शुरू

रामनगर। पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में ओपन एयर थियेटर का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। प्राचार्य प्रोफेसर एमसी पांडे ने बताया कि ओपन एयर थियेटर बनने से छात्र छात्राओं की थियेटर संबंधी प्रतिभा का विकास होगा। महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह ओपन थियेटर रंगमंच की विभिन्न विधाओं को सीखने का एक प्लेटफॉर्म होगा। छात्र छात्राएं इसके माध्यम से नाटक एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर सकेंगे। प्राचार्य प्रो. पाण्डे ने कला की मदद से बनने वाले इस ओपन एयर थियेटर का प्रभारी डॉ योगेश चन्द्र को बनाया है। यह ओपन एयर थियेटर नैनीताल जिले के महाविद्यालयों में सबसे पहला होगा। बता दें कि रामनगर महाविद्यालय प्रशासन ने ओपन एयर थियेटर के निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजा था। स्वीकृति मिलने के बाद निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। कला प्रभारी डॉ योगेश चन्द्र ने बताया कि इस थियेटर की क्षमता 550 लोगों के बैठने की होगी।

उत्तर उजाला

नैनीताल, बुधवार 20 मार्च, 2024

## संगीत से होता है नई चेतना का संचार : प्रो. सिंह

### लोक गीतों की छटा से मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

रामनगर। पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की संगीत विभागीय परिषद ने संगीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ गुरलाल सिंह के मैं लाज पाला गीत से हुआ। प्रतियोगिता में विभिन्न संकायों से आये 11 प्रतियोगियों ने प्रतिभाग किया। छात्र-छात्राओं ने सुमधुर भजनों और लोक गीतों का गायन किया। तबले में संगत गोविन्द सिंह मेवाड़ी ने की। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य प्रो. आरडी सिंह, निर्णायक डॉ. अलका, डॉ. निवेदिता अवस्थी, डॉ. डीएन जोशी, संगीत विभाग प्रभारी डॉ. शिप्रा पंत, डॉ. कृष्णा —मी आदि रहे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अमित राज, द्वितीय स्थान पर दीपक कुमार, तृतीय स्थान पर ज्योति रावत तथा भास्कर, गुरलाल सिंह, अंनू एवं कविता को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष प्रभारी प्राचार्य प्रो. आरडी सिंह ने सभी विद्यार्थियों की उनके प्रदर्शन की सराहना की उन्होंने बताया कि गायन, वादन व नृत्य हमारे मन-मस्तिष्क को ऊर्जा प्रदान करके नई चेतना का संचार करते हैं। संगीत मनुष्य में प्रेम, दया, नैतिक अनुशासन व सौहार्द की भावना का विकास करता है।

संगीत मानवीय संवेदनाओं को व्यक्त करने का अनुपम माध्यम है। अंत में विभाग प्रभारी डॉ. शिप्रा पंत ने सभी सम्मानित अतिथियों, प्राध्यापकों और प्रतियोगियों का आभार प्रकट किया।

उत्तर उजाला

नैनीताल, गुरुवार 21 मार्च, 2024

## डिग्री कालेज के एनएसएस शिविर का समापन

रामनगर। राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों को अपनाकर स्वयंसेवी अपना व्यक्तित्व का विकास करें।

यह बात शिविर के समापन पर बतौर मुख्य अतिथि डॉ. देवकीनन्दन जोशी ने कही। पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई के विशेष शिविर का समापन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. देवकीनन्दन जोशी एवं विशिष्ट अतिथि डा. ममता भदोला जोशी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुरेश चन्द्रा ने विशेष शिविर की आख्या प्रस्तुत की। इससे पूर्व स्वयंसेवियों द्वारा सरस्वती वन्दना प्रस्तुत की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मनदीप कोहली ने लोकगीत गाकर अपनी सुरीली आवाज से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सचिन कुमार ने अनेकता में एकता शीर्षक पर भाषण दिया। इसके बाद डॉ. डीएन जोशी व डॉ. ममता भदोला जोशी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्वयंसेवियों को पुरस्कृत किया।

सर्वश्रेष्ठ अनुशासित स्वयंसेवी पुरस्कार रितिक को दिया गया। सर्वश्रेष्ठ श्रमदान स्वयंसेवी पुरस्कार हिमांशु रमोला को दिया गया। सर्वश्रेष्ठ आज्ञाकारी स्वयंसेवी पुरस्कार निशांत सैनी और उबैद सैफी को दिया। मंच संचालन में जितेंद्र सिंह रावत सम्मानित किया गया।

4 हल्द्वानी, गुरुवार, 21 मार्च 2024 **अमृत विचार**

## राष्ट्र सेवा के उद्देश्यों को अपनाकर करें व्यक्तित्व विकास




स्वयंसेवियों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

रामनगर : राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों को अपनाकर स्वयंसेवी अपना व्यक्तित्व विकास करें। यह बात शिविर के समापन पर बतौर मुख्य अतिथि डॉ. देवकी नन्दन जोशी ने कही। पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई के विशेष शिविर का समापन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. देवकी नन्दन जोशी एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. ममता भदोला जोशी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों को बधाई दी।

**अमृत विचार** 4 हल्द्वानी, शुक्रवार, 22 मार्च 2024

सार-संक्षेप



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं अन्य लोग। ● अमृत विचार

## गुणात्मक शोध हो प्राथमिकता

रामनगर : 'गुणात्मक शोध प्राथमिकता हो' यह बात कार्यक्रम अध्यक्ष प्रभारी प्राचार्य रामदुलार सिंह ने शोधार्थियों से प्री पीएचडी कोर्स वर्क के समापन समारोह में कही। पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में कुमाऊं विश्वविद्यालय से शोध उपाधि के लिए संचालित प्री पीएचडी कोर्स वर्क की कक्षाओं का समापन हो चुका है। महाविद्यालय शोध एवं प्रसार समिति की संयोजक डॉ. निवेदिता अवस्थी ने प्री पीएचडी कोर्स वर्क अवधि में समस्त शोधार्थियों की नियमित उपस्थिति, अनुशासन एवं जिज्ञासु प्रवृत्ति की सराहना की। मुख्य अतिथि वनस्पति विज्ञान विभाग प्रभारी प्रो. एसएस मौर्य, डॉ. शरद भट्ट, डॉ. डीएन जोशी आदि मौजूद रहे।

नैनीताल, शुक्रवार 22 मार्च, 2024 अमर उजाला 4

## गुणात्मक शोध को दें प्राथमिकता

रामनगर। पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कुमाऊं विश्वविद्यालय से शोध उपाधि हेतु संचालित प्री पीएचडी कोर्स वर्क की कक्षाओं का समापन हुआ। इस मौके पर प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर रामदुलार सिंह ने शोधार्थियों से कहा कि गुणात्मक शोध को प्राथमिकता दी जानी चाहिये।

महाविद्यालय शोध एवं प्रसार समिति की संयोजक डॉ.निवेदिता अवस्थी ने प्री पीएचडी कोर्स वर्क अवधि में शोधार्थियों की नियमित उपस्थिति, अनुशासन एवं जिज्ञासु प्रवृत्ति, की सराहना की। मुख्य अतिथि वनस्पति विज्ञान विभाग के प्रभारी प्रो.एसएस मौर्य ने शोध कार्य की समस्या, गुणवत्ता, महत्ता एवं उपादेयता आदि के संबंध में शोधार्थियों का ध्यान /आकर्षित किया। डॉ.शरद भट्ट ने शोधार्थियों को मौलिक शोध, मूल ग्रंथों, उत्कृष्ट संदर्भ पुस्तकों के विषय में जानकारी दी। मंच संचालक डॉ.डीएन जोशी ने शोध की नूतन प्रवृत्ति एवं तकनीक अपनाने पर जोर दिया।

शोधार्थियों में प्रियंका शर्मा, नम्रता पाण्डेय, विशेष झोटे, गजेन्द्र सिंह आदि ने प्री पीएचडी कोर्स वर्क का फीडबैक प्रस्तुत कर शोध निदेशकों का आभार प्रकट किया। अंत में डॉ.ममता भदोला जोशी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। समापन समारोह में डॉ.शिप्रा पन्त, डॉ.अलका राजौरिया, डॉ.शंकर मण्डल आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# मुरलीधर को योग विज्ञान में पीएचडी की उपाधि



रामनगर : पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में योग प्रशिक्षक मुरलीधर कापड़ी को 'वैदिक वांगम्य में प्राण तत्व का यौगिक अनुशीलन' शीर्षक पर योग विज्ञान विषय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त हुई है। मुरलीधर कापड़ी को पीएचडी उपाधि जगदीश प्रसाद झावरमल टीबड़ेवाला विश्वविद्यालय झुंझुनू राजस्थान ने प्रदान की है। उन्होंने अपना शोध कार्य योग विज्ञान विभाग के शोध निदेशक डॉ.राजेश कुमार के निर्देशन में पूर्ण किया। इससे पूर्व मुरलीधर कापड़ी ने पीजी डिप्लोमा इन योग, एमए योग की उपाधि सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा के योग विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ.नवीन चंद्र भट्ट के दिशानिर्देशन में प्राप्त की। डॉ.मुरलीधर को उपाधि मिलने पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर एमसी पाण्डे, चीफ प्रॉक्टर प्रो. एसएस मौर्य, प्रो.जेएस नेगी, डॉ.सुमन कुमार, डॉ.मूलचन्द्र शुक्ल, डॉ.डीएन जोशी, डॉ. नितिन ढोमने सहित समस्त महाविद्यालय परिवार ने बधाई एवं शुभकामना दी।